पत्र सूचना शाखा
**(मुख्य सचिव मीडिया कैम्प)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# जिलाधिकारी प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस जनपद स्तर पर सक्रियता से आयोजित कर किसानों की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करायें : मुख्य सचिव

## मण्डलायुक्त से लेकर परगना अधिकारियों को फील्ड में जाकर विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ–साथ आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण कराना होगा : आलोक रंजन

## वरिष्ठ अधिकारी नीचे स्तर के अधिकारियों की आख्या पर नहीं बल्कि वास्तविक जानकारी प्राप्त कर निर्णय लेकर आमनागरिकों को न्याय दिलायें : मुख्य सचिव

## भूमि सेना योजना की मानीटरिंग फील्ड स्तर पर सुनिश्चित कराकर किसानों को लाभान्वित कराया जाय : आलोक रंजन

## बुन्देल खण्ड में खरीफ फसल की बुआई बढ़ाने हेतु जिला स्तर पर योजना बनाकर प्रत्येक सप्ताह अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाय : मुख्य सचिव

**लखनऊ : 10 जून 2014**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सक्रियता से आयोजित कर किसानों की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि किसान बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक विभाग से संबंधित अधिकारियों तथा किसान प्रतिनिधियों को भी अवश्य आमंत्रित किया जाय। उन्होंने कहा कि अपने–अपने गॉवों की समस्याओं को बैठक में रखने हेतु प्रगतिशील किसानों को भी आमंत्रित किया जाय। ताकि वे समस्याओं का समाधान तत्काल हो जाने के उपरान्त उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि कर सकें। उन्होंने कहा कि मण्डलायुक्तों से लेकर

परगना अधिकारियों को फील्ड में जा कर विकास कार्यो का निरीक्षण करने के साथ–साथ आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण कराना होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आम नागरिकों से अधिक से अधिक मिल कर उनकी समस्याओं से अवगत ही न हो बल्कि निराकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित करायें।

मुख्य सचिव आज तिलक हाल में मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी नीचे स्तर के अधिकारियों की आख्या पर संतुष्ट न हो कर वास्तविक जानकारी प्राप्त कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से राजस्व अधिकारियों को लेखपाल की रिपोर्ट को ही अन्तिम रिपोर्ट मान कर निर्णय नहीं लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा आम नागरिकों को न्याय दिलाना है। इसलिए न्याय दिलाने में किसी स्तर पर कोताही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि भूमि सेना योजना की मानीटरिंग फील्ड स्तर पर सुनिश्चित कराकर किसानों को लाभान्वित कराया जाय। उन्होंने कहा कि बुन्देल खण्ड में खरीफ फसल की बुआई बढ़ाने हेतु जिला स्तर पर योजना बनाकर प्रत्येक सप्ताह अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाय। ताकि बुआई का औसत बुन्देल खण्ड में बढ़ सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि समस्याओं के निदान के अतिरिक्त किसान दिवस में उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा किसानों को उनके लिए लाभदायक संचालित योजनाओं में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी अवश्य उपलब्ध कराई जाय। जनपद में किसानों को अनुदान पर कृषि निवेश एवं अन्य उपकरणों, संचालित योजनाओं के लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी तथा आयोजित की जाने वाली कृषि प्रदर्शनियों एवं मेलों के आयोजन की जानकारी अवश्य उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि सिंचाई के लिए नहरों के माध्यम से पयाप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि जहॉ–जहॉ पर जलापूर्ति व्यवस्था में विद्युत चालित संयंत्र हैं वहॉ–वहॉ नगर विकास विभाग से बेहतर तालमेल स्थापित कर जलापूर्ति के समय निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाय।

श्री रंजन ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिया है कि पानी की सभी टंकियों को एक सप्ताह के अन्दर सफाई करवाकर उनसे स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि पाइप्ड वाटर सप्लाई के दौरान बहुत सी जगहों पर वाटर–लीकेज होने से बहुमूल्य पेयजल बर्बाद होता है जिसे तत्काल रोकने के उपाय किये जाय और सुनिश्चित किया जाय कि कहीं भी पाइप में लीकेज न हो। उन्होंने कहा कि लीकेज से बचा जल आपूर्ति के लिए बढ़ा हुआ जल होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि नदियों और भूमिगत स्रोतों से निकाला गया पानी अगर बर्बाद हुआ तो यह देश का नुकसान होगा।

मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिए है कि जहॉ पर पानी की कमी हो वहॉ पर टैंकर से स्वच्छ जल की आपूर्ति कराई जाय। उन्होंने नगर आयुक्तों और अधिशासी अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र का सघन दौरा करके जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करें और एक कंट्रोल रूम की स्थापना करें जहॉ पर लोग पानी की आपूर्ति की कमी की शिकायत दर्ज करा सकें। उन्होंने कंट्रोल रूम को 24 घण्टे संचालित करने के साथ व्यापक प्रचार–प्रसार के भी निर्देश दिए हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्री वी0एन0गर्ग ने प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने कार्यों एवं परिणामों की जिम्मेदारी लेने की आदत डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को आम आदमी द्वारा उठायी गई समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिकारियों की कार्यकुशलता की माप उनके द्वारा समय सीमा के अन्तर्गत हासिल किये गये परिणाम ही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपने से उच्च स्तर के अधिकारी को कार्यों, समस्याओं और उनके निस्तारण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी कराते रहना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में लोहिया ग्रामीण योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सोनभद्र, रायबरेली, कानपुर देहात, फैजाबाद, हरदोई, कुशीनगर और बलिया में दूसरी किस्त शीघ्र जारी किये जाने के आदेश दिए गए है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद, प्रतापगढ़, कौशाम्बी,

संतरविदासनगर, संतकबीरनगर, उन्नाव, फतेहपुर, कानपुर इन आठ जिलों में लोहिया आवास ग्रामीण योजना की पहली किस्त जारी किये जाने के आदेश दिए गए हैं।

श्री गर्ग ने कहा कि किसान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को कराने के आदेश हैं और सभी अधिकारियों को निर्देश हैं कि किसान दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय और किसानों की बात संवेदनशीलता के साथ सहानुभूतिपूर्वक सुनी जाय और यथासम्भव उनकी मदद की जाय। उन्होंनें कहा कि किसानों की मदद के लिए मॉडीफाइड नेशनल क्राप इन्शोरेन्स स्कीम लागू की गई है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि अल–नीनों के कारण मानसून की कमी और परिणाम जन्य सूखे से निपटने के लिए प्रत्येक जिले में अधिकारी पूरी तैयारी रखे। सिंचाई के लिए उपलब्ध जल के समुचित उपयोग की व्यवस्था रखे, नलकूप सिंचाई को दोषमुक्त बनाए, जल की बर्बादी न होने दें। उन्होंने कहा कि पेयजल की सुदृढ़ व्यवस्था पर नजर रखी जाय और कहीं भी पेयजल की कमी की सूचना प्राप्त होते ही टैंकरों से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि बिजली ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग न्यूनतम समय के अन्तर्गत कराने की व्यवस्था सुदृढ़ करने, नहरों की निर्धारित समय सारणी के अनुसार चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

——————

*PN-CS COMMISSIONER AND DM CONFERENCE 10* JUNE, 2014

सम्पर्क सूत्र : श्री दिवाकर खरे, मीडिया प्रभारी, मुख्य सचिव– 9453005368, *8004922298*